**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 4097**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**कृषि उत्पादों पर उच्च प्रशुल्क**

4097. **श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:**
**श्रीमती डी. के. अरुणा:**
क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत में आयात पर लगाए गए प्रशुल्क संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारत के आयातों पर लगाए गए प्रशुल्क से पांच गुना अधिक है और वर्ष 2023 में अमरीका द्वारा लगाए गए 3.3 प्रतिशत के औसत शुल्क की तुलना में भारत द्वारा लगाया गया औसत शुल्क 17 प्रतिशत था;
(ख) क्या भारत का उच्चतर औसत अधिकांशतः घरेलू उत्पादकों के संरक्षण के लिए कृषि उत्पादों पर उच्च प्रशुल्क लगाने के फलस्वरूप था और हालांकि कृषि उत्पादों पर प्रशुल्क अधिक है, लेकिन विनिर्मित उत्पादों पर प्रशुल्क अधिक नहीं है: और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसका हमारे देश और बाजार में आम आदमी पर क्या प्रभाव पड़ा है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ग): डब्ल्यूटीओ 2023 के अनुसार, वर्ष 2023 के लिये भारत की साधारण औसत प्रशुल्क दर 17% है, जिसमें साधारण औसत कृषि प्रशुल्क (जिसमें वस्त्र शामिल हैं) 39% और औद्योगिक वस्तुओं के लिये 13.5% है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचनाओं के माध्यम से प्रभावी प्रशुल्क दरें बहुत कम थीं। केंद्रीय बजट 2025-26 के बाद, एक साधारण औसत औद्योगिक प्रशुल्क घटकर 10.66% हो गया है।

*****